## आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 जनवरी 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गोरखपुर में संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा–संविधान किसी भी सम्प्रभु सम्पन्न राष्ट्र के नागरिकों का होता है स्वाभिमान।
- मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर और तितली उद्यान का भी किया लोकार्पण। कहा– प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर ही बनाए रख सकते हैं संतुलन।
- देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रहा है महाकुंभ। भारतीय अर्थव्यवस्था को दो लाख करोड़ रूपये मिलने का है अनुमान।
- वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति की आज लखनऊ में होगी बैठक।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दोपहर गोरखपुर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संविधान किसी भी संप्रभु संपन्न राष्ट्र के नागरिकों का स्वाभिमान होता है। संविधान उत्तर से दक्षिण तक पूर्व से पश्चिम तक पूरे भारत के सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है। बाबा साहब के बनाए इस संविधान ने संवैधानिक मूल्यों के आधार पर भारत को दुनिया के सर्वोच्च लोकतंत्र के रूप में पहचान दी।

**भारत से पहले इंग्लैंड में और अमेरिका में लोकतंत्र आ गया था लेकिन वह वंचितों को अधिकार वहां पर दलितों को अधिकार वहां पर महिलाओं को अधिकार भारत से बाद में मिला है क्योंकि वहां पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जैसा महा मानव नहीं था उन्होंने भारत से सीखा है भारत ने पहले दिन से ही और अब तो प्रधानमंत्री मोदी जी ने यह व्यवस्था सुनिश्चित कर दी है कि 2029 के बाद 2029 के बाद एक तिहाई सीटों पर संसद और विधायक बनकर के महिलाएं जाएगी**

उधर, गोरखपुर के शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में हाथी रेस्क्यू सेंटर और तितली उद्यान का भी मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया।

इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर ही हम लोग संतुलन बनाए रख सकते हैं।

**प्रकृति के साथ पर्यावरण के साथए वन्य जीवों के साथ अन्य जीव जंतुओं के साथ पशु पक्षियों के साथ अगर हमारा व्यवहार अच्छा हैए संवेदनशील है। अगर हम पर्यावरण के अनुकूल है तो पर्यावरण हमें जीने के लिए उत्तम वातावरण देगा और इस पर सरकार अनेक कार्यक्रम प्रारंभ किए हैं। डबल इंजन की सरकार केंद्र और राज्य सरकार इसको आगे बढ़ा रही है**

इसके पहले मुख्यमंत्री ने कल गोरखपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी हर 15 दिन पर विकास परियोजनाओं की समीक्षा करे, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की जाए।

**********

आस्था, आध्यात्म और संस्कृति के अद्भुत समागम प्रयागराज महाकुम्भ में देश और दुनिया से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कल शाम तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने भी महाकुंभ नगर का भ्रमण किया, जहां वे कई कार्यक्रमों में शामिल हुई। एक रिपोर्ट.......

***राज्यपाल ने सेक्टर 9 में विद्या भारती के पूर्वी यूपी क्षेत्र कैम्प द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने महाकुंभ को भारतीय परम्पराओं और आध्यात्मिकता का जीवंत संगम बताते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं,बल्कि भारतीय जीवन मूल्यों और संस्कति का प्रतिबिम्ब है। इसके बाद राज्यपाल ने रज्जू भइया विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शिरकत की। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, प्रयागराज।***

**********

हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला कल प्रयागराज महाकुम्भ में वैश्विक आंतकवाद और उसके समाधान विषय पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री शुक्ला ने कहा कि सर्वे भवन्तु सुखिनः के मंत्र को आत्मसात कर भारत ने हमेशा शांति का संदेश दिया है, सबके सुख, सबके निरोग की कल्पना की है। आज का भारत तेजी से इस दिशा में बढ़ रहा है।

उधर, केंद्रीय ऊर्जा, आवास और शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कल प्रयागराज स्थित पावन संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री अयोध्या पहुंचे जहां उन्होंने श्रीरामलला के दर्शन किये। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में विविधता में एकता के दर्शन होते हैं।

***प्रयागराज एक आस्था का विषय बना है कि सारे देश और दुनिया के लोग आते हैं और एक आपस में समाज का जो एकता एक समरसता इसका जो प्रतीक बना है विविधता में एकता के दर्शन होते हैं वो भी अकल्पनीय है और उससे भी देश को बहुत बड़ा बल मिला है।***

**********

रेलवे द्वारा महाकुंभ के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आज करीब तीन दर्जन विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इन सभी ट्रेनों का विवरण रेल मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मौजूद है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि दस महाकुंभ् मेला विशेष रेलगाड़ियां आज पूर्वोत्तर रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से होकर गुजर रही हैं।

**********

महाकुंभ दो हजार पच्चीस देश की अर्थव्यस्था को भी मजबूती प्रदान कर रहा है। इसके जरिये प्रदेश के साथ साथ देश की अर्थव्यवस्था की भी तस्वीर बदलेगी। एक रिपोर्ट–

**सरकार ने इस महाकुंभ में पैंतालिस करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान जताया है। जिसमें करीब पंद्रह लाख विदेशी पर्यटकों के शामिल होने की संभावना है। वहीं इसकी तुलना में 2019 में आयोजित कुंभ मेले में पच्चीस करोड़ लोग शामिल हुए थे। प्रयागराज में इस महीने की तैरह तारीख से शुरू हुआ महाकुंभ अगले महीने की छब्बीस तारीख तक चलेगा। एकता और समानता के इस वृहद कार्यक्रम में विभिन्न संस्कृतियों और परम्पराओं के लोग एक साथ आ रहे हैं। महाकुंभ दो हजार पच्चीस के जरिये भारतीय अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये के योगदान की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश के जीडीपी में भी एक प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की संभावना है। आनंद कुमार, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।**

**********

वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति जेपीसी की एक अहम बैठक आज लखनऊ में होगी। इस बैठक में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्यों के साथ उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। इसके बाद समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल और अन्य सदस्य, मुतवल्ली एसोसिएशन और वक्फ से जुड़े कुछ और लोगों के साथ भी चर्चा करेंगे।

**********

प्रदेश का स्थापना दिवस 24 जनवरी को मनाया जाएगा। इस मौके पर लखनऊ के अवध शिल्पग्राम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस संबंध में लखनऊ की मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने अधिकारियों को आयोजन स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए है। साथ ही परिवहन विभाग से कार्यक्रम स्थल पर आने जाने के लिए आठ रूट से अतिरिक्त बसों का संचालन करने के लिये कहा गया।

**********

प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर पांच फरवरी को होने वाले उपचुनाव में भाजपा, सपा समेत कुल दस उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा। कल नाम वापसी के आखिरी दिन उपचुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिया है।

**********

प्रदेश के पूर्वी इलाके में कोहरा और पछुआ हवाओं के चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अचानक ठंड के बढ़ने की वजह से लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण मौसम में हुए बदलाव का क्रम आज और कल भी रहेगा।

**********